# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

**08.07.2024** **19:45 बजे**

**"मुख्य समाचार"**

- प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों हमीरपुर, देहरा व नालागढ़ में उपचुनाव के लिए 10 जुलाई को होगा मतदान– खुले आम चुनाव प्रचार थमा।
- राज्य निर्वाचन विभाग द्वारा उपचुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी– 3 सौ 15 मतदान केंद्र किए स्थापित–2 सौ 15 मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना।
- पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह को पुण्यतिथि पर अर्पित की गई श्रद्धाजंलि–पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके योगदान को किया याद।
- लाहौल स्पीति जिले के सिस्सू में वाम तट पर चट्टाने खिसकने से करीब सौ भेड़–बकरियों की मृत्यु।

**मुख्यमंत्री**

प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ में 10 जुलाई को होने वाले उपचुनाव के लिए खुलेआम चुनाव प्रचार आज शाम थम गया। इससे पहले चुनाव प्रचार के अंतिम दिन आज भाजपा व कांग्रेस दोनों ही राजनीतिक दलों के नेताओं ने प्रचार में पूरी ताकत झोंकी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने देहरा विधानसभा क्षेत्र के हरिपुर, खबली और ढलियारा में कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर के पक्ष में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे 6 साल तक अपने क्षेत्र का विकास कराने में असफल रहे हैं। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि पूर्व विधायक होशियार सिंह ने क्षेत्र के विकास के लिए मिलने वाली विधायक निधि का दुरूपयोग किया और कोई भी विकास कार्य नहीं किया। उन्होंने कहा कि देहरा की जनता इस बार के उपचुनाव में होशियार सिंह को सबक सिखाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि

प्रदेश की जनता ने धनबल की राजनीति को नकार कर कांग्रेस विधायकों की संख्या बढ़ाकर 38 कर दी है और उपचुनाव के बाद 13 जुलाई को कांग्रेस के 41 विधायक हो जाएंगे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार को पूर्व भाजपा सरकार से 85 हज़ार करोड़ रूपए का कर्ज विरासत में मिला, लेकिन कांग्रेस सरकार ने प्रदेश की आर्थिकी में सुधार लाने के लिए अनेक कदम उठाए, जिससे 2 हज़ार 2 सौ करोड़ रूपए का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि पौंग बांध विस्थापितों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने लोगों से कांग्रेस उम्मीदवार कमलेश ठाकुर को भारी मतों से विजयी बनाने का आग्रह भी किया।

**अनुराग**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने आज हमीरपुर विधानसभा उपचुनाव के प्रचार अभियान के आखिरी दिन भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा के साथ विशाल रोड शो के माध्यम से उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में पिछले 18 महीने से चल रहा कांग्रेस का कार्यकाल अराजकता, अहंकार और अन्याय भरा रहा है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि यह सरकार जनता की बजाए मित्रों की सरकार बन गई है जहां जनहित नहीं मित्रहित सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि ये पहला चुनाव है जहां कोई सरकार बिना किसी उपलब्धि के जनता के बीच जाकर वोट माँग रही है, लेकिन हिमाचल में तीनों विधानसभा उपचुनावों में जनता कांग्रेस को सबक़ सिखायेगी और भाजपा को विजयी बनाएगी।

**मनीष गर्ग**

राज्य निर्वाचन विभाग ने तीन विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए 10 जुलाई को होने वाले मतदान को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मतदान

सुबह सात बजे से शाम 6 बजे तक होगा। उपचुनाव की मतगणना 13 जुलाई को की जाएगी। तीन विधानसभा क्षेत्रों हमीरपुर, देहरा व नालागढ़ में कुल 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने शिमला में बताया कि मतदान के लिए तीन सौ 15 पोलिंग बूथ स्थापित किए गए हैं, जिनमें से 2 सौ 17 मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टियां आज रवाना हो गई हैं, जबकि अन्यों के लिए कल रवाना होगी। मनीष गर्ग ने बताया कि तीन सौ 15 मतदान केंद्रों में से 23 मतदान केंद्र संवेदनशील है जहां अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं और सभी पोलिंग केंद्रों पर वैब कास्टिंग सुनिश्चित की गई है।

इस बीच तीनों विधानसभा क्षेत्रों देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ में उपचुनाव के लिए 10 जून से लागू आदर्श चुनाव आचार संहित के बाद पुलिस, आबकारी और अन्य संबंधित विभागों द्वारा तीन करोड़ 31 लाख रूपए की अवैध शराब, नकदी और आभूषण जब्त किए गए हैं।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने देहरा में भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि भाजपा तीनों विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव में जीत हासिल करेगी। उन्होंने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में आए दिन घोटाले सामने आ रहे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री पूरे प्रकरण पर चुपी साधे हुए हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की जनता ने भ्रष्टाचार करने वाली सरकार और उसके मुख्यिा को पूरी तरह नकार दिया है और इन उपचुनावों में जनता सरकार की हर तानाशाही का डटकर जवाब देगी।

**बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने देहरा उपचुनाव के तहत आज घर–घर संपर्क अभियान के दौरान दावा किया कि भाजपा तीनों उपचुनावों में जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा हिमाचल की प्रगति और विकास के लिए

काम किया है, जबकि कांग्रेस सरकार ने राज्य में चलाए जा रहे कार्यों को भी बंद कर दिया है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर भ्रष्टाचार और माफियाराज को बढ़ावा देने का आरोप भी लगाया।

## पुण्यतिथि

पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की आज तीसरी पुण्यतिथि है। इस अवसर पर प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रमों में उनके योगदान को याद कर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित की। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने वीरभद्र सिंह की पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। अग्निहोत्री ने कहा कि वीरभद्र सिंह ने राजनीति की खुली किताब पर जो अध्याय लिखे हैं वे अमिट हैं और हम सबके लिए प्ररेणा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी उनके दिखाए मार्ग पर आगे बढ़ रही है और हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर राज्य बनाना ही वीरभद्र सिंह का सपना था। इधर शिमला स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में 6 बार के मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय वीरभद्र सिंह को पार्टी कार्यकर्ताओं ने श्रद्धाजंलि अर्पित की। इस अवसर पर कांग्रेस विधायक व सातवें वित्त आयोग के अध्यक्ष नंदलाल सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। नंदलाल ने कहा कि वीरभद्र सिंह ने 65 साल तक प्रदेश की सेवा की और विकास के नए आयाम स्थापित कर राज्य के विकास को नई दिशा दी है।

## भेड़–बकरियां

लाहौल स्पीति जिले में सिस्सू के वाम तट पर पीर पंजाल की पहाड़ी में चट्टाने खिसकने से करीब सौ भेड़– बकरियां मर गई हैं। भेड़ पालकों द्वारा 28 जून को सूचना दिए जाने के बाद पुलिस और पशुपालन विभाग की संयुक्त टीम ने मौके का दौरा कर इसकी पुष्टि की है। पशुपालन विभाग के फार्मासिस्ट रोशन लाल ने बताया कि कुल्लू जिला के भेड़ पालक बुद्धराम, तुलसीराम, रेवतराम और नीलचंद की भेड़ बकरियां इस हादसे का शिकार हुई है। पुलिस और विभाग की

संयुक्त टीम ने मौके का दौरा कर रिपोर्ट प्रशासन को भेज दी है। उन्होंने कहा कि सरकारी नियमों के अनुसार भेड़ पालकों को मुआवजा दिया जाएगा।

## खेलकूद प्रतियोगिता

शिमला जिला के कसुम्पटी खंड के 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के छात्र–छात्राओं की खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ओखरू में शुरू हुई। चार दिवसीय इस प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर एस.जे.वी.एन. के महाप्रबंधक अवधेश प्रसाद ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हलोग धामी के प्रधानाचार्य योगेश शर्मा विशेष अतिथि के तौर पर शामिल हुए। अवधेश प्रसाद ने विद्यार्थियों से जीवन में अनुशासन बनाए रखने व नशे से दूर रहने की अपील की और विद्यार्थियों को इस उपलक्ष्य में शपथ भी दिलाई। इस प्रतियोगिता में 2 सौ 6 छात्र व 2 सौ 16 छात्राएं भाग ले रही हैं।

## प्रतियोगिता

चंबा जिला की जनजातीय पांगी घाटी के युवाओं के लिए प्रशासन द्वारा किलाड़ में जिला स्तरीय जूनियर छात्र–छात्रा मुक्केबाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता का शुभारंभ पांगी की आवासीय आयुक्त रितिका जिंदल ने की जबकि समापन समारोह में एसडीएम रमन घरसंघी मौजूद रहे। एसडीएम ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका मनोबल बढ़ाया।

## मौसम

प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में मॉनसून के सक्रिय रहने से अधिकांश क्षेत्रों में रूक–रूक कर वर्षा का क्रम जारी है। हालांकि दिन के समय कई स्थानों पर चटक धूप निकलने से उमस भरी गर्मी महसूस की गई। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मौसम विज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि बीते 24 घंटों के  दौरान राज्य में

सामान्य बारिश दर्ज की गई, जबकि बिलासपुर जिले के मडगांव में भारी बारिश हुई है। उन्होंने बताया कि 10 जुलाई तक प्रदेश में सामान्य से मध्यम स्तर की बारिश होने की संभावना है, जबकि 10 जुलाई के बाद प्रदेश के कुछ इलाकों में भारी बारिश की संभावना है। विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के कुछ स्थानों पर मॉनसून के सक्रिय बने रहने की संभावना जताई है।

## मुख्य समाचार

- प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों हमीरपुर, देहरा व नालागढ़ में उपचुनाव के लिए 10 जुलाई को होगा मतदान– खुले आम चुनाव प्रचार थमा।
- राज्य निर्वाचन विभाग द्वारा उपचुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी– 3 सौ 15 मतदान केंद्र किए स्थापित–2 सौ 15 मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना।
- पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह को पुण्यतिथि पर अर्पित की गई श्रद्धांजलि–पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके योगदान को किया याद।
- लाहौल स्पीति जिले के सिस्सू में वाम तट पर चट्टाने खिसकने से करीब सौ भेड़–बकरियों की मृत्यु।